<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–26.12.2024 (संध्या 1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- प्रधानमंत्री ने वीर बाल दिवस पर साहिबजादों की वीरता और बलिदान को किया याद, कहा– उनका जीवन राष्ट्र की अखंडता को बनाए रखने के लिए करता है प्रेरित।
- केन्द्र सरकार ने बच्चों के पोषण और समग्र कल्याण में सुधार के लिए सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान की शुरुआत की।
- ओडिसा के राज्यपाल पद से इस्तीफा देकर रांची पहुंचे रघुवर दास, कल फिर भाजपा की सदस्यता करेंगे ग्रहण, पार्टी में मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी।
- राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने गिरिडीह में विकास योजनाओं की समीक्षा की, अबुआ आवास और मनरेगा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया बल।
- मइंया सम्मान योजना को लेकर रांची में 28 दिसंबर को आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों का रांची के उपायुक्त ने लिया जायजा, पदाधिकारियों को दिये निर्देश।

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत के लोकतंत्र की व्यापकता गुरूओं की शिक्षा, साहिबजादों के बलिदान और देश की एकता के मूल मंत्र पर आधारित है। आज नई दिल्ली में भारत मंडपम में वीर बाल दिवस समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि गुरूओं की परंपरा ने हमें सबको समान आदर के साथ देखने की शिक्षा दी है और देश का संविधान भी हमें इसी विचार के लिए प्रेरित करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वीर साहिबजादों का जीवन हमें सिखाता है कि देश की अखंडता और विचारधारा के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान का भी शुभारंभ किया। इस अभियान का उद्देश्य पोषण संबंधी सेवाओं को मजबूती से लागू करना और इस कार्य में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कर पोषण व्यवस्था मजबूत करना है।

*****************

इधर, झारखंड में भी वीर बाल दिवस के मौके पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गिरिडीह जिले में आयोजित कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावा धनबाद के विधायक राज सिन्हा भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आहवान पर आज पूरा देश बलिदानी बच्चों को याद कर रहा है।

*****************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज वीर बाल दिवस पर नई दिल्ली में असाधारण उपलब्धियों के लिए 17 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया। इन बच्चों को कला–संस्कृति, बहादुरी, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा, खेल और पर्यावरण के क्षेत्र में विशिष्ठ उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मू ने साहिबजादों की बहादुरी और बलिदान को नमन करते हुए कहा कि यह दिन श्री गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों के बलिदान और साहस का सम्मान करने का दिन है। राष्ट्रपति ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियां देश के सभी नागरिकों को प्रेरित करेंगी। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को पहचानना और अवसर प्रदान करना देश की परंपरा का हिस्सा रहा है।

*****************

ओडिसा के राज्यपाल पद से इस्तीफा देने के बाद राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास आज विशेष विमान से रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। श्री दास कल भाजपा के प्रदेश कार्यालय में फिर से पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे और सक्रिय राजनीति में लौटेंगे। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि संगठन उन्हें कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकता है।

*****************

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को वर्ष 1924 में आज ही के दिन 26 दिसंबर को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष चुना गया था। इस विशेष दिन को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से देश भर में शताब्दी

समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में रांची स्थित कांग्रेस भवन में महात्मा गांधी को याद करते हुए उनके जीवन से जुड़ी एक प्रदर्शनी लगाई गई। मौके पर षांधी दर्शन की प्रासंगिकताष विषय पर गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि महात्मा गांधी के आदर्श और सिद्धांत को घर–घर तक पहुंचाने की जरूरत है।

*****************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार राजस्व बढ़ाने के लिए पेट्रोल और डीजल पर सेस लगाकर कीमत में दो–तीन रुपये की वृद्धि करने की तैयारी में है। श्री मरांडी ने कहा है कि जनता की जेब पर बोझ लादकर सरकारी खजाना भरना जनविरोधी है, जिसे भाजपा कतई बर्दाश्त नहीं करेगी।

*****************

इधर, राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पेट्रोल–डीजल पर टैक्स लगाने की संभावना से साफ इंकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई प्रस्ताव ही नहीं है। केंद्र खुद विमान के इंधन पर टैक्स वसूलना चाहती है। राजस्थान में हुए जीएसटी काउंसिल की बैठक में झारखंड सरकार ने इसका विरोध भी किया था।

*****************

राज्य सरकार 28 दिसंबर को मुख्यमंत्री मइंया सम्मान योजना की ढाई हजार रुपये की राशि लाभुकों के खाते में भेजेगी। रांची के नामकोम स्थित आर्मी मैदान में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन महिला लाभुकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि भेजेंगे। गिरिडीह में विकास योजनाओं की समीक्षा के बाद पत्रकारों से बातचीत में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समीक्षा बैठक में अधिकारियों को अबुआ आवास और मनरेगा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सख्त निर्देश दिये गये हैं। मंत्री ने कहा कि राज्य के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं है।

*****************

इस बीच रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने आज मइंया सम्मान योजना को लेकर 28 दिसंबर को नामकुम में आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। उपायुक्त ने इस दौरान आवश्यक तैयारी का निरीक्षण करने के बाद संबंधित सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

*****************

टाटा स्टील यूआइएसएल ने कचरे से कई तरह के उत्पाद बनाए हैं और कचरे को प्रबंधित करने के लिए कई पहल की है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

*****************

लातेहार जिले के नेतरहाट आवासीय विद्यालय के प्रशासी पदाधिकारी रौशन कुमार बक्सी को पलामू एसीबी की टीम ने 50 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। वे विद्यालय में दूध आपूर्ति करने वाले विक्रेता से बिल भुगतान के बदले रिश्वत ले रहे थे। पलामू एसीबी के एसपी अंजनी अंजन ने इसकी पुष्टि की है।

*****************

उधर, गढ़वा जिले में पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय गिरोह के नौ अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया है। इन अपराधियों की संलिप्तता ट्रेलर गाड़ी लूटकांड में रही है। पुलिस अपराधियों के पास से कई आपत्तिजनक चीजें भी बरामद की हैं।

*****समाप्त************